एक नजर में

## भोपावर गौशाला में भूमिपूजन व ध्वजारोहण का आयोजन संपन्न, 7 गांवों में घर-घर निमंत्रण देगी आयोजन समिति



**सरदारपुर-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे 11 जनवरी को आयोजित होने वाले ब रौदिया मंडल के हिन्दू सम्मेलन हेतु ग्राम भोपावर में स्थित गौशाला मे भूमिपूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। हिन्दू सम्मेलन समिति के मंडल संयोजक कन्हैयालाल टांक ने पूजन अर्चन कर समिति के सदस्यो के साथ भूमिपूजन किया वही आयोजन स्थल पर ध्वज रोपण भी किया गया इस दौरान ब रौदिया मंडल क्षेत्र के सभी सात गावो से बडी संख्या मे ग्रामीणजन मौजूद रहे इसी ही प्रत्येक गांव मे हिन्दू सम्मेलन की तैयारी हेतु ध्वज सहित अन्य सामग्री का वितरण भी किया। हिन्दू सम्मेलन के मंडल संयोजक कन्हैयालाल टांक ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन मे सभी गांवो के हिन्दू समाज की सहभागिता हो, इस हेतु गांवो की समितियां घर-घर पहुंच रही है वही प्रभात फेरी के माध्यम से भी लोगो को जागरूक किया जा रहा है।आयोजन मे मातृशक्ति की सहभागिता हो इस हेतु भी प्रयास किए जा रहे है इन्होने कहा कि मंडल हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से समाज के समर्पण की भावना, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रत्येक हिन्दू परिवार तक पहुंचेगा।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर जोरों पर



**सिंघाना**/ 4 तारीख रविवार हिंदू सम्मेलन को लेकर जोरों पर तैयारीया एवं नगर को भगवा मय बैनर एवं तोरण गेट ध्वजा लगाकर नगर को भगवा मय रंग में आकर्षण का केंद्र बिंदु बना दिया गया है आयोजन को लेकर आज शाम को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर शिवाजी मार्केट से सिंघाना मंडल के पांच गांव पलासी डाकरियापुरा ब्रह्मानपुरी बयडीपुरा रनतलाब शिवाजी मार्केट से बाइक रैली के माध्यम से हिंदू सम्मेलन मैं आमंत्रण संदेश पहुंचा कर हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक सभी हिंदू सकल समाजजन हिंदू आयोजन में शामिल होने की अपील की जा रही है एवं अपना अपना योगदान देवे बाइक रैली में सर्व हिंदू सकल समाजजनों ने भाग लिया

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ईईएफसी खातों की शुरुआत की

इंदौर. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज अपनी अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाओं के विस्तार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए व्यापक विदेशी मुद्रा (एफएक्स) सेवाओं और एक्सचेंज अर्नर्स फॉरेन करंसी (ईईएफसी) खातों के शुभारंभ की घोषणा की. यह रणनीतिक पहल सीमा पार लेनदेन में लगे व्यक्तियों और व्यवसायों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक, सुरक्षित और वैश्विक स्तर पर सुलभ बैंकिंग समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है. टीएएससी और टीपीपी प्रमुख, हितेंद्र झा ने कहा हमारी विदेशी मुद्रा सेवाओं और ईईएफसी खाते की शुरुआत के साथ, हमारा लक्ष्य ग्राहकों को एंड-टू-एंड अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग क्षमताओं के साथ सशक्त बनाना है. ये पेशकश उन निर्यातकों, फ्रीलांसर्स, अनिवासी भारतीयों (एनआरआई), सूक्ष्म और लघु उद्योगों और यात्रियों के लिए डिज़ाइन की गई हैं, जो वैश्विक परिचालन में शामिल हैं.

## एनएसई इमर्ज को मिली 700वीं एसएमई लिस्टिंग

इंदौर. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने एक अहम् उपलब्धि हासिल की है. कंपनी ने अपने एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर 24 दिसंबर, 2025 को एसएमई कंपनियों की 700वीं लिस्टिंग पूरी कर ली है। यह प्लेटफॉर्म छोटे और मध्यम उद्यमों को शेयर बाजार से जोड़ने का एक मजबूत जरिया बन चुका है. फिलहाल एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग सेक्टर्स की कुल 700 कंपनियाँ लिस्टेड हैं. इन कंपनियों ने अब तक मिलकर करीब 21,252 करोड़ रुपए का फंड जुटाया है, जबकि इनका कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 2,22,338 करोड़ रुपए तक पहुँच चुका है। इमर्ज प्लेटफॉर्म पर 700वीं लिस्टिंग की उपलब्धि पर बोलते हुए, एनएसई के चीफ बिज़नेस डेवलपमेंट ऑफिसर, श्रीराम कृष्णन ने कहा फरवरी 2025 में 600वीं और दिसंबर 2025 में 700वीं लिस्टिंग होना यह दर्शाता है.

## शूटिंग चैंपियनशिप में 19 निशानेबाजों ने किया क्वालीफाई



इंदौर. नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) के 68वें आयोजन में इंदौर की वीर रायफल शूटिंग सोसायटी के 19 निशानेबाजों ने भाग लेकर इंडिया टीम चयन ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया. पिस्टल एवं रायफल स्पर्धा के लिए सोसायटी के 19 निशानेबाज खिलाड़ी शामिल हुए और सबने इंडिया टीम के लिए क्वालीफाई किया, यह अपनेआप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. सोसायटी के कोच सतीश शर्मा ने बताया कि नई दिल्ली में पिस्टल स्पर्धा और भोपाल में रायफल स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिनमें सेना, बीएसएफ, आरपीएफ एवं अन्य सुरक्षा बलों के करीब 20 हजार खिलाड़ियों ने सहभागिता की. नई दिल्ली में हुई पिस्टल स्पर्धा में सोसायटी के वीर हंस शर्मा, प्रियांशी जोशी एवं शोखी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिया टीम चयन ट्रायल के लिए क्वालीफाई कर लिया. इसी तरह भोपाल में आयोजित रायफल स्पर्धा में राशिका भदौरिया, किंजल अहिरवार, अंशिका सूर्यवंशी एवं अथर्व मालवीय ने 10 मीटर एयर रायफल में इंडिया टीम चयन ट्रायल हेतु जगह बनाई जबकि सत्यम चौहान ने 50 मीटर रायफल प्रोन स्पर्धा में चयन के लिए क्वालीफाई किया. प्रद्युम्न कुमार, श्रेयांश और अन्य निशानेबाजों ने भी क्वालीफाई किया. सोसायटी के कोच सतीश शर्मा ने सभी निशानेबाजों को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन का संकल्प व्यक्त किया।





# 24 तीर्थंकरों के गणधरों के पगलियाजी के शिखरों पर एकसाथ ध्वजारोहण

- सत्तरभेदी पूजन और मंदिर के वार्षिक चढ़ावे बोले गए
- साध्वीश्री ने जिन शासन में ध्वजारोहण करने का महत्व बताया

**झाबुआ।** मप्र के एकमात्र अद्वितीय नयनाभिराम गणधर मंदिर में चौवीस तीर्थंकरों के गणधरों के पगलियाजी के शिखरों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम 1 जनवरी, गुरूवार को पोष सुधि तेरस पर राष्ट्रसंत गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय हेमेन्द्र सूरीश्वरजी मसा एवं पपू जीवदया प्रेमी आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय ऋषभचंद्र सूरीश्वरजी मसा की समुदायवर्तिनी विदुषी साध्वी पुष्पा श्रीजी मसा की सुशिष्या पपू साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा-3 की पावनकारी निश्रा में मनाया गया। सभी आयोजन श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा किए गए।

जानकारी देते हुए श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि गुरूवार सुबह 7.30 बजे श्री गणधर मंदिर पर ध्वजारोहण निमित्त सत्तरभेदी पूजन हुई। यह पूजन श्री आदिनाथ राजेन्द्र जयंत संगीत मंडल द्वारा पढ़ाई गई एवं विधि विधिकारक ओएल जैन ने सपंन्न करवाई। पूजन का लाभ निर्मलकुमार प्रतीककुमार दर्शकुमार मेहता परिवार द्वारा लिया गया। पश्चात् 8.30 बजे से श्री गणधर मंदिर के सभी शिखरों पर ध्वजारोहण अलग-अलग लाभार्थी परिवारों द्वारा किया गया। तत्पश्चात् 9 बजे से मंदिर के वार्षिक चढ़ावे बोले गए। समाजजनों ने बढ़-चढ़कर मंदिर के चढ़ावे बोले। भगवान का चैत्यवंदन कर सामूहिक आरती की गई। ध्वजारोहण बाद भाता की प्रभावना का लाभ समस्त ध्वजारोहण के लाभार्थी परिवार द्वारा लिया गया।

### ध्वजारोहण जिन शासन की गौरवशाली परंपरा है

सुबह करीब 10 बजे से बावन जिनालय स्थित उपाश्रय में साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा के प्रवचन हुए। प्रारंभ में साध्वीश्री द्वारा मंगलाचरण फरमाया गया एवं समाजजनों को प्रवचन देते हुए जिन शासन में मंदिर के शिखर पर ध्वजोहरण का महत्व विस्तार से बताया। आपने कहा कि ध्वजारोहण करना जिन शासन की गौरवशाली परंपरा है। जब हम मंत्रोच्चार के साथ शिखर पर ध्वजारोहण करते है, तो इसका कई गुना लाभ हमे प्राप्त होता है। धर्मसभा का संचालन श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता ने करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। धर्मसभा बाद बावन जिनालय धर्मशाला में नवकारसी का आयोजन हुआ। जिसके लाभार्थी निर्मलकुमार मेहता परिवार के साथ समस्त चौवीसी ध्वजा के लाभार्थीगण रहे। श्री पुंडरिक स्वामी की मुख्य ध्वजा का लाभ निर्मला मेहता परिवार द्वारा लिया गया। सभी आयोजनों में समाज के श्रावक-श्राविकाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।

स्व. योगेश जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम-श्राविका अलका जैन ने जानकारी दी कि जैनरत्न सुश्रावक स्व. योगेश जैन (बापू) की प्रथम पुण्य स्मृति पर 2 जनवरी, शुक्रवार को श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में विविध धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमें प्रातः 6.30 बजे श्री भक्तामर स्तोत्र एवं गुरु गुण इक्कीसा पाठ, 7.30 बजे स्नात्र पूजन, दोपहर 1 बजे से सद्गुरु गोशाला में गौमाताओं को आहार करवाया जाएगा। दोपहर 2 बजे सो सामूहिक सामायिक का आयोजन बावन जिनालय में रखा गया है। सीमंधर जैन एवं समस्त सेठ परिवार ने सभी आयोजनों में समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाकर लाभ लेने हेतु अपील की है।

# भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बालिकाओं को नि :शुल्क साईकिल दी

## समाजसेवा के क्षेत्र में की बैंक ने की अनूठी पहल, साईकिल पाकर बालिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की

झाबुआ। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य राजवाड़ा शाखा द्वारा नूतन वर्ष 2026 की शुभकामनाएं देते हुए 1 जनवरी, गुरूवार दोपहर 2.30 बजे से नि:शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोन्सिबिलिटी अर्थात समाजसेवा के क्षेत्र में अनूठी पहल करते हुए दो स्कूलों की 14 निर्धन बालिकाओं को साईकिल भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य हेतु कामना की। साईकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

साईकिल वितरण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक के रतलाम-झाबुआ क्षेत्र के रिजनल मेनेजर रत्नेशकुमार सिंघई, बैंक की मुख्य शाखा की प्रबंधक पूजा शिंदे, एचआर मेनेजर दीपेश शर्मा सहित बैंक के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसबीआई के रिजनल मेनेजनर श्री




सिंघई ने बताया कि बैंक द्वारा दूरस्थ स्थानों से स्कूल आने वाली ऐसी बालिकाओं का चयन किया गया, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण साईकिल बाजार से नहीं खरीद सकती है। ऐसी बालिकाओं की सूची तैयार कर आज डिस्ट्रीब्यूशन कार्य किया गया। एसबीआई की मुख्य प्रबंधक पूजा शिंदे ने सभी बालिकाओं का मोटिवेशन करते हुए उन्हें साईकिल वितरण कर शुभकामनाएं देते हुए नए वर्ष में सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 14 बालिकाओं को प्रदान की गई साईकिल

साईकिल वितरण शासकीय हाईस्कूल बुनियादी की 7 एवं शासकीय कन्या उमा विद्यालय कल्याणपुरा की 7, इस प्रकार कुल 14 बालिकाओं का चयन कर उन्हें अतिथियों ने साईकिल वितरण किया। इस अवसर पर शासकीय बुनियादी हाईस्कूल से प्राचार्य विनीत तिवारी के नेतृत्व में ओमप्रकाश चतुर्वेदी, लच्छुसिंह भूरिया, सोनिया बारिया, गोपाल कुशवाह एवं शासकीय कन्या उमा विद्यालय कल्याणपुरा प्राचार्य परमानंद कोचरा के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। दोनो संस्था प्रबंधन की ओर से एसबीआई के उक्त पहल की सराहना करते हुए स्कूल की बालिकाओं को साईकिल वितरण हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।


# हिन्दू एकता और पंच परिवर्तन के साथ समरसता और सशक्त हिंदुत्व के उद्देश्य को लेकर होगा कार्यक्रम

**मनावर।** संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 4 जनवरी को नगर में हिन्दू सम्मेलन के बड़े आयोजन होने जा रहे है। संघ रचना अनुसार नगर की 5 बस्तियों में एक साथ हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। इन आयोजनों में सकल हिन्दू समाज की सहभागिता रहेगी। जिसमें सभी समाज के हजारों परिवार शामिल होंगे। इसके लिए हिंदू सम्मेलन समिति का भी गठन किया गया। इन समितियों में विभिन्न समाज, वर्गों के प्रबुद्धजनों को सम्मिलित कर कार्यों का दायित्व दिया गया।

माधव बस्ती का हिंदू सम्मेलन नेहरू पार्क के पीछे, ओंकारसेठ की धर्मशाला के पास खुले मैदान में होगा। गत दिनों मैदान का वैदिक रीति रिवाज से मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सभी समाज के समाज प्रमुख उपस्थित रहे। आयोजक समिति द्वारा घर- घर जाकर हिंदू परिवारों से सहपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध कर धर घर हिन्दू सम्मेलन के स्टीकर लगाए जा रहे है। वृहद स्तर पर बस्ती में भगवा पताका, स्वागत द्वार लगाकर बस्ती को सजाया जाएगा।

बताया जाता हे कि सफल आयोजन के लिए छोटी छोटी टोलिया भी गठित की गई। सम्मेलन के दौरान बौद्धिक चर्चा, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंत में समरसता भोज होगा।

हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम 3 से 4 घंटे का रहेगा।




# विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

इंदौर. लायंस इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन संजय गायकवाड़ रहे, जो अपनी धर्मपत्नी इंदिरा गायकवाड़ के साथ समारोह में उपस्थित हुए. विद्यालय की निदेशक द्वय आर्चना भारद्वाज एवं विजय भारद्वाज ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया.

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई. इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में कुल दस शानदार प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान पर आधारित नृत्य नाटिका, भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व चैंपियनशिप जीत पर आधारित प्रेरणादायक प्रस्तुति तथा भगवान विष्णु के दशावतार पर आधारित भावपूर्ण नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे.

# नए साल की पूर्व संध्या पर जिला चलाया वाहन चेकिंग अभियान

- शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन चालकों पर की गई

**झाबुआ।** नए साल की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर, बुधवार रात करीब 9.30 से 11 बजे तक जिला पुलिस विभाग द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह के विशेष निर्देश पर जिलेभर में वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। जिला मुख्यालय पर राजगढ़ नाका पर पुलिस कप्तान डॉ. सिंह के नेतृत्व में पुलिस थाना एवं ट्रेफिक पुलिस की टीम ने मिलकर वाहनों को रोककर सघन चैकिंग की। इस दौरान वाहनों के समस्त कागजात चेक करने के साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती से लगाम कसी गई।पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह ने बताया कि जिले में विशेष अभियान के तहत 31 दिसंबर की रात को चैकिंग अभियान चलाया गया। इस हेतु सबंधित पुलिस थाना, चौकियों और ट्रेफिक पुलिस को वाहनों की चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। राजगढ़ नाका पर एसपी डॉ. सिंह ने स्वयं उपस्थित रहकर थाना प्रभारी आरसी भास्करे एवं ट्रेफिक प्रभारी कमल मिंदल और पुलिस बल द्वारा दो, तीन एवं चार पहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात चेक किए गए। ब्रीथ एनालायजर मशीन से चेकिंग करने पर जो वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाए गए, ऐसे वाहनों को पुलिस थाने पर खड़े करवाकर चालकों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिला पुलिस विभाग का यह अभियान करीब डेढ़ से दो घंटे तक चला। जिसमें वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। 31 दिसंबर की रात पुलिस विभाग द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर पाईंट बनाकर आरक्षकों की तैनाती की गई।

# वर्ष का अंतिम दिन बिताया थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के बीच

**इंदौर.** थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप इंदौर तीस वर्षों से इन बच्चों के लिए कार्य करता है. इसी तारतम्य में 2025 का अंतिम दिन भी इनके बीच बिताने के लिए ग्रुप ने एक प्रोग्राम किया. डे केयर सेंटर में भर्ती सभी बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता रखी.

बच्चों से छोटे- छोटे प्रश्न जैसे कोई साल किन -किन तारीखों पर खत्म होता है. 2025 की खास घटनाएँ कोन सी थी जनवरी में कोन सा पर्व आता है? हिंदू वर्ष कब शुरू होता है? जबाब देने पर उपहार दिए गए. इस अवसर पर ग्रुप की डॉ.रजनी भंडारी ने सभी को ब्लड ट्रांसफ्यूजन के समय लेने वाली सावधानियों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी को स्क्रींड ब्लड ही चढ़ाना चाहिए. सभी बच्चो के पैरेंट्स को बताया गया कि उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य की थैलेसीमिया कैरीअर की जांच करवाना जरूरी है. सभी ने इसका संकल्प लिया. ग्रुप की पूर्णिमा राउत, चंदा शर्मा, पुष्पलता जोशी, फ़िरदौस नाहिद प्रेरणा शेंत्रे भी उपस्थित थी.

**उपहार किए वितरित-** सभी बच्चो का उपहार में बैग बाटे गए और उनको सिखाया गया कि सभी नए साल के पहले दिन ईश्वर का शुक्रिया करेगे और अपने अपने माता पिता के चरणस्पर्श कर के अपना दिन शुरू करेंगे.

एक नजर में

भागवत ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति पर यज्ञ-हवन में संत-विद्वानों ने समर्पित की आहुतियां

# खाड़ी के प्राचीन मंदिर पर सजाया पुष्प बंगला, देवताओं को पहनाए नए आभूषण

इंदौर. लोहारपट्टी स्थित प्राचीन श्रीजी कल्याण धाम, खाड़ी के मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में हंसदास मठ के पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में यज्ञ-हवन एवं भागवत कथा की पूर्णाहुति के साथ अन्नकूट महोत्सव सौल्लास मनाया गया. इस मौके पर कल्याणजी के मंदिर एवं अन्य देवी देवताओं का पुष्प बंगला श्रृंगारित कर 56 भोग समर्पित किए गए. संकट हरण वीर हनुमानजी को रजत मंडित आभूषण पहनाए गए. यज्ञ, हवन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। अन्नकूट महोत्सव में देर रात तक भक्तों ने महाप्रसादी का लाभ उठाया.

खाड़ी के मंदिर पर गत 23



दिसम्बर से भागवत भूषण आचार्य पं. राजेश शास्त्री के श्रीमुख से भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य अनुष्ठान चल रहा था. समापन अवसर पर हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में श्रीजी कल्याणजी एवं संकट हरण वीर हनुमानजी महाराज का अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, अशोक चौहान चांदू, प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता



दीपक जैन टीनू, एमआईसी सदस्य निरंजनसिंह चौहान गुड्डु, हरि अग्रवाल, कमलेश खंडेलवाल, राजा यादव, राजेश शर्मा, राजेन्द्र गर्ग एवं अशोक चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पूजा-अर्चना के बाद यज्ञ-हवन में आहुतियां समर्पित की. अनुष्ठान में स्वामी रामबालक दास रामायणी, महामंडलेश्वर स्वामी राधे राधे बाबा, स्वामी यजत्रदास एवं अन्य संत-विद्वानों ने इस मौके पर सबके मंगल की कामनाएं व्यक्त की.

### सुख शांति की प्रार्थना की

बिदा ले रहे वर्ष 2025 की बिदाई एवं वर्ष 2026 की अगवानी में सभी देवी देवताओं से सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई. अतिथियों का स्वागत श्रीमती वर्षा शर्मा, रुक्मणी शर्मा, गीता व्यास, मंजू शर्मा, ज्योति शर्मा, प्रफुल्ला शर्मा, हंसा पंचोली, हेमलता वैष्णव, मधु गुप्ता आदि ने किया.